साढ़े चार साल का एमबीबीएस, 18 साल में भी नहीं कर सके पास

■ ईश्वर शरण शुक्ल



18 ,16 और 13 साल तक डॉक्टरी की पढ़ाई में नहीं कर पाए एमबीबीएस का कोर्स पूरा

■ अंतिम साल के सर्जरी, पीडियाट्रिक, मेडिसिन, गायनी के पेपर में हो जाते हैं फेल

प्रयागराज। मेडिकल की कठिन प्रवेश परीक्षा पास करने के बाद एमबीबीएस में प्रवेश मिलता है। उसके बाद डॉक्टरी की पढ़ाई 5.5 साल में पूरा हो जाती है। इसमें 4.5 साल का शैक्षिक पाठ्यक्रम और एक साल की इंटर्नशिप शामिल होती है। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में तीन ऐसे छात्र हैं, जो साढ़े चार साल का शैक्षिक पाठ्यक्रम 18, 16 और 13 साल बाद भी पास नहीं कर सके। तीनों छात्र हर साल किसी न किसी विषय में फेल जाते हैं। इनके फेल होने का क्रम पिछले कई साल से जारी है।

स्थिति यह है कि इनके साथ प्रवेश लेने वाले छात्र एमबीबीएस के साथ ही इसके आगे की पढ़ाई पूरी कर नौकरी कर रहे हैं। पिछले दिनों इसी तरह का मामला गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भी सामने आया था, जहां एक छात्र ने 17 साल में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी। वहीं, 28 साल से एमबीबीएस कर रहे छात्र को परिणाम घोषित होने का इंतजार है।

2008 में लिया प्रवेश लेकिन पूरा नहीं हुआ एमबीबीएस: इन तीन में से प्रयागराज के पीपलगांव के रहने वाले छात्र ने सीपीएमटी (कंबाइंड प्री-मेडिकल टेस्ट) पास करके 18 साल पहले 2008 में प्रवेश लिया था जबकि गाजीपुर के एक छात्र ने 13 साल पूर्व 2013 में प्रवेश लिया था। वहीं, तीसरे छात्र का प्रवेश 16 साल पहले 2010 में हुआ था। मेडिकल कॉलेज के सूत्रों के अनुसार तीनों छात्र एमबीबीएस के अंतिम वर्ष के किसी न किसी विषय में फेल हो जाते हैं, इसलिए उन्हें इंटर्नशिप का भी मौका नहीं मिल पा रहा है।

एमबीबीएस के लिए 18 विषयों की परीक्षा: एमबीबीएस को पूरा करने के लिए प्रथम वर्ष में एनाटॉमी, बायोकेमिस्ट्री, फिजियोलॉजी, द्वितीय वर्ष में फॉरेंसिक मेडिसिन, पैथोलॉजी, फार्माकोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, क्लीनिकल, तृतीय वर्ष में मेडिसिन एंड अलाइड में साइकाइट्री, डर्मेटोलॉजी, ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनी, पीडियाट्रिक्स, सर्जरी के अलावा ऐनेस्थिसियोलॉजी, ईएनटी, ऑप्थल्मोलॉजी और ऑर्थोपेडिक्स के पेपर होते हैं। जूनियर डॉक्टरों के अनुसार अंतिम वर्ष में सर्जरी, पीडियाट्रिक, मेडिसिन और गायनी विषय का पेपर अधिक कठिन और विस्तृत होता है।

> संबंधित छात्र यदि सही से पढ़ाई करते तो फेल होने का कोई सवाल ही नहीं है। वे परीक्षा को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। छात्रों का यह व्यक्तिगत निर्णय है, इसमें मेडिकल कॉलेज कुछ नहीं कर सकता। - डॉ. वीके पांडेय, प्रवार्य मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज।

शहर 30



ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को बंधवा के बड़े हनुमान जी का मोहक शृंगार हुआ।

फूलों से महका पवनसुत का दरबार

प्रयागराज। ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल पर शहर के बड़े-छोटे हनुमानजी मंदिरों में उनका आशीष पाने के लिए दर्शन-पूजन का सिलसिला अनवरत चलता रहा लेकिन बंधवा स्थित हनुमान मंदिर आस्था का सबसे बड़ा केंद्र रहा। मंदिर के महंत बलवीर गिरि की अगुवाई में ब्रह्ममुहूर्त में पंचद्रव्य व दुग्धाभिषेक के बाद गर्भगृह को लाल-पीले गेंदा, रजनीगंधा व बेला के फूलों व उसकी पंखुड़ियों से शृंगार किया गया तो शाम के शृंगार में अपराजिता, बेला, तुलसी, रजनीगंधा व उनकी लड़ियों से पूरा परिसर महकता रहा।





दस दिवसीय गंगा महोत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को रामघाट हरिहर गंगा आरती समिति की ओर से भव्य गंगा आरती की गई।

हर-हर गंगे की गूंज, भव्यता से उतारी आरती

प्रयागराज। गंगा महोत्सव के तीसरे दिन हरिहर गंगा आरती समिति के सम्माट स्थित मंच पर भव्यता के साथ गंगा मैया की आरती की गई। समिति के ऐप्योजक अवधेश दैद नुत की अगुवाई में हुई आरती के विशिष्ट अतिथि राज्यशभा सांसद राधा मोहन अग्रवाल रहे। हर-हर गंगे, जय मां गंगे के जयकारों के बीच सांसद ने गंगा मैया का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने गंगा की स्वच्छता और निर्मलता का संकल्प दिलाते हुए कहा कि गंगा मैया हमारी सांस्कृतिक चेतना व भारतीय जनमानस का आधार हैं।



अग्रवाल युवा मंडल की ओर से जीरो रोड में लोगों शरबत बांटा गया।

अग्रवाल युवा मंडल ने वितरित किया शरबत

प्रयागराज। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को अग्रवाल युवा मंडल की ओर से जीरो रोड में लोगों शरबत और मिष्ठान वितरित किया गया। अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अभिषेक मित्तल, हरीश चन्द्र अग्रवाल, प्रमय मित्तल, अनूप अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अंकित, मोना अग्रवाल, इवेता अग्रवाल मौजूद रहीं।

आसार: गरीब और मध्य वर्ग पर सीधे पड़ेगा महंगाई का असर

पेट्रोल और डीजल के दामों में फिर बढ़ोतरी से रोजमर्रा की अन्य चीजें भी महंगी हुईं



प्रयागराज, प्रमुख संवाददाता। पेट्रोल और डीजल के दाम में मंगलवार को फिर 90-90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी होने के ऐलान से आम लोगों की चिंता और बढ़ गई है। पिछले एक सप्ताह में ईंधन के दाम करीब चार रुपये तक बढ़ चुके हैं, जिसका असर अब सीधे आम आदमी की जेब और घरेलू बजट पर पड़ने लगा है। रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम में बढ़ोतरी से आमजन चिंतित हैं।

लगातार बढ़ रहे पेट्रोल-डीजल के दाम से परिवहन खर्च बढ़ने की आशंका है। इसका असर ऑनलाइन कैब सेवा, बाइक राइड, आँटो और माल ढुलाई पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ईंधन महंगा होने से खाद्य पदार्थों से लेकर रोजमर्रा के सामान तक की कीमतों में तेजी आना तय है। आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने सप्ताह में हुई दूसरी बढ़ोतरी पर जब अलग-अलग वर्ग के लोगों से बात की तो कई सामग्री के दाम में उछाल बताया गया।

निर्माण क्षेत्र पर दिखेगा असर

निर्माण सामग्री के कारोबारियों का कहना है कि डीजल महंगा होने का असर सीमेंट, मौरंग, बालू, ईंट, लोहे के तार और सरिया की कीमतों पर भी असर पड़ेगा। ट्रकों का किराया बढ़ने से निर्माण कार्यों की लागत में इजाफा होना तय है। वर्तमान में एक ईंट लगभग 13 रुपये की पड़ रही है, लेकिन बढ़ोतरी ऐसे ही जारी रही तो प्रति ईंट 16 से 17 रुपये होगी। वहीं मोटी बालू जो 8000 रुपये में 100 फीट मिल रही है, वो नी से 10 हजार रुपये हो सकती है। वर्तमान में बाजार के उतार चढ़ाव को देखते हुए तीन दिन में सरिया का रेट 50700 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। हालांकि सीमेंट जो कि 370 रुपये से 440 रुपये के बीच आ रही थी, उसकी कीमत 10 रुपये प्रति बोरी तक महंगी हुई है। अलोपीबाग में बिल्डिंग मटीरियल की दुकान संचालित करने वाले अजय केसरवानी ने बताया कि दाम में आगे बढ़ोतरी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

ऑनलाइन टैक्सी और बाइक सेवा

ऑनलाइन टैक्सी और बाइक सेवा से जुड़े सैंचालकों का कहना है कि लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों के कारण किराए में सैंशोधन करना पड़ सकता है। इससे शहर में रोजाना सफर करने वाले लोगों की जेब पर अतिरिक्त असर पड़ेगा। हालांकि अभी फिल्हाल कीमत नहीं बढ़ाई गई है, लेकिन अब लगातार बढ़ोतरी के बाद इस पर निर्णय लेना पड़ सकता है। इससे ऑनलाइन टैक्सी लेने पर 10 से 14 रुपये प्रतिकिलोमीटर की बढ़ोतरी हो सकती है।

सब्जियों की कीमत पर दिखने लगा असर

सब्जियों की कीमत पर तो अभी से असर दिखने लगा है। आलू जो कि 10 दिन पहले 70 से 80 रुपये का पांच किलो था, वो इस वक्त 90 रुपये में पांच किलो हो चुका है। 30 रुपये किलो वाली भिंडी 40 से 45 रुपये प्रतिकिलो हो गई है। लौकी 20 से 25 रुपये एक पीस बिक रही है। परवल 60 से 70 रुपये किलो बिक रहा है। नींबू भी आठ रुपये से 10 रुपये का एक मिल रहा है। नेनुआ 35 रुपये से बढ़कर 45 से 50 रुपये प्रतिकिलो बिकने लगा है। मध्यवापुर सब्जी मंडी में खरीदारी करने आई रीना शुक्ला ने बताया कि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत का असर बजाए पर दिखाई देने लगा है। एक सप्ताह में सब्जियों महंगी हो गई हैं। जबकि इस महीने में गर्मी अधिक होने के कारण कीमतें कम होती थीं।

घरेलू खर्च पर कुछ ऐसे पड़ेगा असर

जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. रीना यादव का कहना है कि पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ोतरी से हमारी मुद्रा पर प्रभाव पड़ेगा। इससे निश्चित रूप से महंगाई बढ़ेगी। हालांकि यह महंगाई कितनी बढ़ेगी इस पर गौर करना होगा। अगर आम नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर अपनी मौग का दायरा कुछ कम किया तो महंगाई उतनी नहीं पड़ेगी। अन्यथा लगभग दो से चार हजार या छह हजार तक का भी एक परिवार पर असर पड़ सकता है। टॉरसपोर्ट कारोबारियों का कहना है कि डीजल के दाम में बढ़ोतरी होने से अनाज, फल, सब्जी, दूध, ब्रेड जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर सीधे असर पड़ेगा।

46 डिग्री पारा में धड़ाम हो गई बिजली व्यवस्था

बिजली संकट

रात साढ़े 11 बजे गई बिजली, दोपहर ढाई बजे लौटी

प्रयागराज, वरिष्ठ संवाददाता। भीषण गर्मी और 46 डिग्री तापमान के बीच शहर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। दिन ही नहीं, रात में भी लगातार फॉल्ट और ट्रिपिंग से लोग बेहाल हैं। कई मोहल्लों में पूरी रात बिजली गुल रही, जिससे लोगों को पानी तक के लिए परेशान होना पड़ा। उपभोक्ताओं ने कंट्रोल रूम, जेई, एसडीओ और एक्सईएन के फोन न उठाने की शिकायत भी की। कई इलाकों में ट्रांसफार्मर खराब होने और केवल जलने से घंटों आपूर्ति बाधित रही। करेली समेत कई क्षेत्रों में मैनपॉवर की कमी ने संकट और बढ़ा दिया है।

रातभर होती रही ट्रिपिंग, 36 बार गुल हुई बिजली

बैरहना सब स्टेशन क्षेत्र में सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक लगातार ट्रिपिंग होती रही। तलारामबाग निवासी रमेश ने बताया कि रात नौ बजे के बाद से बिजली की आँख-मिचौली शुरू हुई और सुबह तक जारी रही। उन्होंने बताया कि रातभर में 36 बार बिजली गई और आई। लगातार ट्रिपिंग से न एसी चल पाया और न ही कूलर, जिससे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान रहे। करेली क्षेत्र में भी हालात खराब रहे। कुढ़ाखाना में रात एक बजे, ईश्वर लाल भूसा में डेढ़ बजे और मजार का पेटी और जैपर पौने दो बजे उड़ गया। भावापुर पानी टैंकी क्षेत्र का जैपर मंगलवार सुबह जाकर जोड़ा गया। डेंपुरी और मलाका में भी आधी रात तक बिजली गुल रही। अल्लापुर के शिवाजी नगर और शर्मा आटा चक्की इलाके में तो वोल्टेज की समस्या रही। बक्शीबांध, नागवासुकि और छोटा बघाड़ा, शिवकुटी में सीता नर्सरी के पास समेत कई मोहल्लों में पूरी रात ट्रिपिंग होती रही। मंगलवार दोपहर भी कई मोहल्लों में जैपर और आग लगने की घटनाएं हुईं।

अब ऑनलाइन बैठकों ने पकड़ा जोर

अमल

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑनलाइन बैठकों पर जोर दिए जाने की अपील पर जिले के अफसरों ने अमल करना शुरू कर दिया। जिले के अफसरों ने ऑनलाइन बैठक शुरू कर दी है। अब संगम सभागार और एनआईसी सभागार में केवल वो अफसर उपस्थित रहते हैं, जिनकी अनिवार्यता हो। शेष को नहीं बुलाया जाता है। जैसे मंगलवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की तो सभी एसडीएम और तहसीलदार ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। सोमवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बैठक की तो मंडल के सभी अफसरों को ऑनलाइन ही जोड़ा गया। डीएम का कहना है कि जहां पर जितना संभव है, उतना कटौती करने की प्रयास किया जा रहा है।

सात दिन में 117 पर कार्रवाई की तलवार

प्रयागराज, प्रमुख संवाददाता। इस पंचायत का कार्यकाल खत्म होने वाला है और बचे हुए सात दिनों में यह तय होना है कि जिले के 117 प्रधान बेदाग हैं या फिर दागदार। दरअसल जैसे-जैसे पंचायत का कार्यकाल पूरा होने के करीब आ रहा है, तब से पंचायत राज विभाग और विकास भवन परिसर में शिकायतों की भरमार है।

25 मई को पंचायत का कार्यकाल पूरा होगा। पिछले दो महीनों की बात की जाए तो प्रधानों की जमकर शिकायत हुई है। वर्तमान में 117 प्रधानों के खिलाफ जिलास्तरीय कमेटी की ओर से जांच की जा रही है। कमेटी अपनी जांच आख्या में जो रिपोर्ट देगी, उसी पर प्रधान के खिलाफ कार्रवाई तय होगी। इसे लेकर डीपीआरओ की ओर से सभी अफसरों को एक पत्र भेजा गया है। जिसमें उनसे अपनी आख्या तत्काल देने के लिए कहा गया है।

ये आई हैं शिकायतें

सबसे ज्यादा मामले निर्माण में धांधली के हैं। कहीं नाली का निर्माण नहीं हुआ तो कहीं खड़ंजा के निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत आई है। वहीं, इसके साथ ही सबसे ज्यादा शिकायतें गलत तरीके से पैसा निकालने के आरोप भी लगे हैं।

25
मई को होगा इस पंचायत का कार्यकाल पूरा

Non Profit Organisation
Chitravanshm Group Of Colleges
Since 2005
Knowledge Brings Light to Life

Our Colleges

Maharishi Colleges
Bharwari, Kaushambi
B.Pharm. | D.Pharm.
D.H.P | LAW | B.A. LLB
BTC | ITI | B.Lib | B.A.
B.Sc | B.Com | B.Sc.(Biotech)


INDUSTRIAL VISITS


WELL EQUIPPED LABS

Mahatmaa College
Meja, Kohdar Ghat, Prayagraj
B.A. | B.Sc. | BTC | LLB


ON GROUND TRAINING SESSIONS

St. Mother Teresa School of Nursing
Dhoomanganj, Prayagraj
G.N.M | A.N.M

CAMPUS PLACEMENT




HIGH-TECH CLASSROOMS

100% SCHOLARSHIP
91% PLACEMENT
ADMISSION HELPLINE
73036 58365
College Bus Facility available for students from Prayagraj City


WELL EQUIPPED LIBRARY

Awards and Recognition



Corporate Office – Meera Patti, Dhoomanganj, Prayagraj – 211011
www.chgc.in support@chgc.in
RO Advt.

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank ...the name you can BANK upon!
...भरोसे का प्रतीक!
ई- नीलामी बिक्री सूचना

मण्डल कार्यालय: सैम प्रथम तल, सगंम प्लेस, सिविल लाईंस, प्रयागराज- 211001, ई-मेल- coaldsam@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) और/या 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस।

एतद्द्वारा सामान्य रूप से सर्वसाधारण को एवं खासिनत रूप से ऋणकर्ता(ओं) और जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि सेवर्धाद क्रेडिटर्स के पास बंधक/ प्रभारित नीचे बताई गई अचल सम्पत्ति, जिसका बैंक/ सेक्योर्ड क्रेडिटर्स के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा लिया जा चुका है, को सम्बन्धित ऋणकर्ता(ओं) और जमानतकर्ता(ओं) से बैंक/ सेक्योर्ड क्रेडिटर्स की देय, देय राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में बतायी गई तिथि को **"जहां है जैसा है" और "जो है जैसा है"** और **"जो भी वहां है"** के आधार पर बिक्री किया जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि (अरनेस्ट मनी) सम्बन्धित सम्पत्तियों के एवज में नीचे दी गई तालिका के अनुसार तय किया जाएगा।

प्रतिभूतित आस्तियों का सेड्यूल

क्रम संख	शाखा का नाम / खाता का नाम / ऋणी/ जमानतकर्ता के खाते का नाम एवं पता	बंधक अचल सम्पत्तियों का विवरण/ स्वामियों का नाम (सम्पत्तियों) के बंधककर्ता	(अ) सरफेसी अधिनियम की धारा 19(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि / (ब) बकाया राशि / (स) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत कब्जा तिथि / (द) कब्जा का प्रकार सांकेतिक/ भौतिक/रचनात्मक	(अ) आरक्षित मूल्य (रु. लाख में) / (ब) ईएमडी / (स) बिड वृद्धि राशि	ई- नीलामी तिथि/ समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभार का विवरण
1.	शाखा- सिविल लाईंस (001200) रामेश्वर प्रसाद शुक्ला ऋणी-(1) श्री रामेश्वर प्रसाद शुक्ला पुत्र श्री अमैत प्रसाद शुक्ला निवासी 7 स्टेनली रोड, सिविल लाईंस, इलाहाबाद, 2080-211001 (2) श्रीमती उषा शुक्ला पत्नी श्री रामेश्वर प्रसाद शुक्ला निवासी 7 स्टेनली रोड, सिविल लाईंस, इलाहाबाद/ प्रयागराज,3080-211001	आराजी नंबर 185 पर स्थित प्लाट, मौजा - मेंहरवा, परगना -अरैल, तहसील-करछना, इलाहाबाद/ प्रयागराज, 3080 211001, सेल डीड नैम्बर 8481 दिनांक 26.08.2016, यह सम्पत्ति उपनिबंधक करछना, इलाहाबाद के कार्यालय में बही नैम्बर 1, जिल्द नैम्बर 4923 के पृष्ठ संख्या 211 से 228 के द्वारा पंजीकृत है। **स्वामी-** रामेश्वर प्रसाद शुक्ला **बीकफल-** 228 वर्ग मीटर **चौहद्दी (डीड के अनुसार) पूरब-** आराजी का बचा हुआ हिस्सा **पश्चिम:** सुशीला शुक्ला का प्लॉट **उत्तर:** भदेवरा से कछुआ तक 4.5 मीटर लिंक मार्ग **दक्षिण:** आराजी का सेप्ट भाग	(अ) - 28.05.2021 / (ब)- रु. 7,16,232,23 + दिनांक 01.05.2026 से प्रभावी अग्रिम ब्याज + अन्य प्रभार (-) वसूली। / (स) - 14.01.2022 / (द) - सांकेतिक कब्जा	(अ) रु. 09.50 / (ब) रु. 0.95 / (स)- रु. 0.10	08.06.2026 को ज्ञात: 11.00 से सायं 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं
2.	शाखा- इलाहाबाद (026920) मेसर्स हैदियन पैकेजिंग ऋणी/ वं यवस्थापक- मेसर्स हैदियन पैकेजिंग, सोपान श्री फैयाज हुसैन पुत्र श्री अनवर अली, 210एम/160एम/10एम, ताँकी करमसत, करेली, इलाहाबाद-211003 (2) श्री. फैयाज हुसैन पुत्र अनवर अली (प्रोप्रा: मेसर्स हैदियन पैकेजिंग), 210एम/160एम/ 10एम, ताँकी करमसत, करेली, इलाहाबाद-211003	शाश्मिक बैंचाक सम्पत्ति प्लाट मकान रैंक्या 210एम/160एम/10एम (खुली भूमि) ताँकि चौकी करमसत, परगना और तहसील सदर, प्रयागराज में स्थित है। **बीकफल-** 84.00 वर्ग मीटर। **स्वामी-** श्री फैयाज हुसैन पुत्र श्री अनवर अली **चौहद्दी (डीड के अनुसार)- पूरब -** कुंवेरी का मकान **पश्चिम-** 11 फीट सड़क **उत्तर-** 15 फीट सड़क **दक्षिण-** 15 फीट सड़क	(अ) - 17.06.2019 / (ब) - रु. 35,09,924.62 + दिनांक 01.05.2026 से प्रभावी अग्रिम ब्याज + अन्य प्रभार (-) वसूली। / (स) - 27.11.2019 / (द) - सांकेतिक कब्जा	(अ) रु. 15.70 / (ब) रु. 1.57 / (स)- रु. 0.10	08.06.2026 को ज्ञात: 11.00 से सायं 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें:-
(1)- बिक्री सुरक्षा नियम (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 और आगे की नियम एवं शर्तों के अधीन होगी। (2)- सम्पत्तियों को **"जहां है जैसा है" और "जो है जैसा है" और "जो भी वहां है"** के आधार पर बेचा जा रहा है। (3)- उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए बता गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। (4)- बिक्री के लिए **दिनांक 08.06.2026 को सुबह 11.00 बजे से सांय 04:00 बजे** के मध्य वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपलब्ध कराए गये ई-नीलामी मंच के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। (5)- बिक्री की विस्तृत नियम तथा शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com & www.pnbindia.in** की देखें तथा हमारे सर्विस प्रोवाइडर मेसर्स पीएसबी एलायन्स प्रा०लि० हेल्पडेस्क नं. +918291220220, email ID: support.baanknet@psballiance.com पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी (मो. 9163549111)
सरफेसी अधीनियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 9 (1) के तहत सांविधिक बिक्री सूचना
दिनांक: 20.05.2026 स्थान: प्रयागराज
प्रतिभूति क्रेडिटर्स, पंजाब नैशनल बैंक

भारत विकास परिषद ने पिलाया शरबत

प्रयागराज। भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए भारत विकास परिषद मैगलम शाखा की ओर से चकिया तिराहे पर शरबत और मिष्ठान वितरित किया गया। संयोजक मनीष सिंह, संरक्षक नागेंद्र सिंह, डॉ. भानु प्रकाश, वीपी गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल, कैप्टन पुरवार, राजेश श्रीवास्तव, राजकुमार चौरसिया, सुधा, शुभि चौरसिया, राजमोहन पुरवार, मनोज श्रीवास्तव, अवधेश नारायण पाठक मौजूद रहे।

अपर नगर आयुक्त का कार्यभार संभाला



प्रयागराज। अपर नगर आयुक्त शादाब अस्लम ने मैगलवार को नगर निगम में अपर नगर आयुक्त का कार्यभार ग्रहण कर लिया। दीपेंद्र यादव की जगह शादाब अस्लम अपर नगर आयुक्त बनाए गए हैं। नगर आयुक्त साईं तेजा ने शादाब अस्लम को नई जिम्मेदारी सौंपी। 2212 बैच के पीसीएस अधिकारी शादाब अस्लम अपर नगर आयुक्त बनाए जाने के पहले जेमीखेड़ा चीनी मिल के महाप्रबंधक थे। शादाब को ज्योति मौर्या के स्थान पर चीनी मिल का महाप्रबंधक बनाया गया था। मऊ जिले के रहने वाले शादाब ने 10 साल तक प्रयागराज में रहकर पीसीएस की तैयारी की। यहां रसूलाबाद, तेलियरगंज और सम्पोर्नगंज में रहे। पीसीएस बनने के बाद रायबरेली, लखीमपुर खीरी में एसडीएम रहे शादाब झांसी नगर निगम में अपर नगर आयुक्त रह चुके हैं।